दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 212 मुरादाबाद 29 November 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

# सीएम योगी आदित्यनाथ बोले- पहले जब नौकरी निकलती तो चाचा-भतीजे वसूली पर निकल पड़ते थे



लखनऊ- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मैनपुरी जिले में करहल के नरसिंह यादव इंटर कॉलेज मैदान में बीजेपी प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि महात्मा विदुर, महर्षि श्रृंगी और महर्षि वेदव्यास की तपोभूमि मैनपुरी नया इतिहास लिखने जा रही है। पहले जब युवाओं के लिए नौकरी निकलती थी तब वसूली के लिए चाचा अलग और भतीजे अलग निकल पड़ते थे। शोषण होता था युवाओं का और बदनाम होता था इटावा और मैनपुरी। अब मैनपुरी के लोग एक परिवार की विरासत से निकलकर %सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास% की परंपरा का पालन करने वाली भारतीय जनता पार्टी की जीत का इतिहास बनाने वाले हैं। नेताजी ने कह दिया था अब भाजपा ही आएगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी की धरती से मुलायम सिंह यादव को नमन करते हुए कहा कि नेताजी ने 2014 में ही संसद में कह दिया था कि अब भाजपा ही आएगी। नेताजी के आशीर्वाद का परिणाम था कि हमने आजमगढ़ और रामपुर में सपा के परंपरागत सीटों को ध्वस्त करते हुए भारी बहुमत से जीत हासिल की और अब मैनपुरी भी हम जीतने जा रहे हैं।

### मंत्री से लेकर ब्लॉक प्रमुख परिवार का ही चाहिए

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा पर सीधे सीधे हमला बोलते हुए कहा कि कुछ लोग सेक्युलरिज्म के नारे लगाते हैं और समाजवाद की बात करते हैं, मगर काम केवल परिवारवाद का करते हैं। उन्हें सब परिवार का ही चाहिए। सांसद, मंत्री, विधायक यहां तक कि ब्लॉक प्रमुख भी परिवार का ही होना चाहिए। अखिलेश यादव पर जुबानी हमला करते हुए सीएम योगी ने कहा कि उन्हें अपने मित्रमंडली से फुर्सत मिले तब तो वो जनता के बीच आएं। वह केवल मैनपुरी की जनता की भावनाओं को बहकाने आते हैं।

### ये नया उत्तर प्रदेश है...

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां से कई बार चुनाव जीतने वाले नेताओं ने जनता के साथ छल करके बंगले बना लिए, मगर मैनपुरी इटावा के गरीबों के मकान तो दूर उनकी जमीनों पर ही कब्जा हो गया। गरीबों की संपत्ति पर जिसने कब्जा किया, उनकी सम्पत्ति जब्त करके उसपर हम गरीबों का मकान बनवा रहे हैं। माफिया की जमीन जब्त की जा रही है। जिसने भी गरीबों की जमीन हड़पने की जुर्रत की उसे ब्याज सहित चुकता करना पड़ेगा। आज प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है। खनन और भू माफिया कभी यहां गरीबों और व्यापारियों की संपत्तियों पर कब्जा करते थे, आज उन्हें पता है कि जो कब्जा किया है वो तो जाएगा ही, साथ में बाप दादा की संपत्ति भी चली जाएगी। ये नया उत्तर प्रदेश है, जो गरीब, किसान, बहन-बेटियों की सुरक्षा और स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। ये दंगामुक्त प्रदेश कानून के राज पर विश्वास करता है।

### गरीबों को दिये 45 लाख पक्के मकान

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा के शासन में ना गरीबों को कभी शौचालय मिला, ना रसोई गैस कनेक्शन और ना ही बिजली कनेक्शन। मगर भाजपा शासन में जाति, मत, मजहब, पंथ के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है। आज प्रदेश के हर गरीब को बिना भेद भाव के पक्के मकान दिये जा रहे हैं। हमने अबतक 45 लाख पक्के मकान गरीबों को दिया है। साथ ही 10 लाख मकान बनकर तैयार हैं जिन्हें हम गरीबों को देने जा रहे हैं।

### बिना भेदभाव के मिलती है नौकरी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हर जाति का नौजवान बिना पैसे दिये सरकारी नौकरी और शासन की योजनाओं को प्राप्त कर रहा है। पहले नौकरी निकलती थी तो चाचा अलग निकल पड़ते थे वसूली के लिए और भतीजे अलग निकल पड़ते थे। शोषण होता था नौजवानों का, बदमान होता था इटावा और मैनपुरी। आज बिना भेदभाव के नौकरी मिलती है।

### चाचा को कुर्सी के हैंडिल पर बैठना पड़ा

मुख्यमंत्री ने शिवपाल यादव की स्थिति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज उनकी हालत पेंडुलम की तरह हो गयी है। बेचारे को पिछली बार कितना बेइज्जत किया गया। कुर्सी तक नहीं मिली, कुर्सी के हैंडिल पर बैठना पड़ा। आज जो लोग फुटबॉल बने हुए हैं उन्हें सम्मान और स्वाभिमान के लिए काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां जाति, मत और मजहब का भेद नहीं। कोई भी कार्यकर्ता किसी भी पद पर जा सकता है। कोई भी किसी एक खास परिवार का नहीं है। अलग अलग परिवार और मत-मजहब, जाति के होने के बावजूद हम एक भाजपा परिवार हैं और मैं भाजपा परिवार में मैनपुरी को मिलाने आया हूं।

### अयोध्या जैसा ही होगा मैनपुरी का विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। अयोध्या के विकास के लिए आज 30 हजार करोड़ की परियोजनाएं चल रही है। विकास की ऐसी ही प्रक्रिया आपके क्षेत्र में भी आगे बढ़ेगी। इसके लिए अच्छे लोगों को चुनना होगा, अवसरवादियों को नहीं। केवल चुनाव के समय नातेदारी गढ़ने वालों के साथ नहीं, बल्कि हर समय आपके सुख दुख में खड़े होने वाले को चुनना होगा।

### मैनपुरी को तय करना है अपना भविष्य

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैंने रघुराज सिंह शाक्य के कार्यों को बहुत नजदीक से देखा है। संसद में हम साथी थे। अपने क्षेत्र के विकास के लिए वे लगातार कार्य करते रहे हैं। आज वे आपके बीच में हैं। अब मैनपुरी को तय करना है कि वो किसी परिवार की विरासत नहीं, बल्कि एक सामान्य कार्यकर्ता के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ेगा।

## शिवपाल सिंह यादव की सुरक्षा घटाई गई, अब 'वाई श्रेणी' की सुरक्षा में रहेंगे




प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव की सुरक्षा घटा दी गई है। अब वह वाई श्रेणी की सुरक्षा में रहेंगे। राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव की सुरक्षा घटा दी गई है। अब वह वाई श्रेणी की सुरक्षा में रहेंगे। अभी तक उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त थी। 25 नवंबर को हुई राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति में यह निर्णय लिया गया। इसका आदेश जारी कर दिया गया है। शिवपाल सिंह यादव इन दिनों मैनपुरी लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में सपा प्रत्याशी व अपनी बहू डिंपल यादव के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। वह जगह-जगह जनसभाएं कर लोगों से डिंपल को वोट देने की अपील कर रहे हैं।शिवपाल जसवंतनगर से सपा के टिकट पर विधायक हैं। जसवंतनगर विधानसभा सीट भी मैनपुरी लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। यहां का वोट प्रतिशत मैनपुरी लोकसभा सीट जीतने में अहम भूमिका अदा करता है। मैनपुरी सीट सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन से रिक्त हुई है। शिवपाल सिंह को यूपी चुनाव के पहले जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई थी पर अब इसे घटाकर वाई श्रेणी की सुरक्षा कर दिया गया है।

# खाद की काला बाजारी को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फोटो पिलखना चौराहे स्थित दुकान पर वितरण होता खाद

अलीगढ-अकराबाद - सुबह पिलखना चौराहा स्थित एक खाद की दुकान पर निर्धारित मूल्य से अधिक पैसा लेने का आरोप लगाते हुये भाकियू टिकैत के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। हंगामे की सूचना पाकर निकट पुलिस चौकी से चौकी प्रभारी मौहम्मद नदीम फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये और आक्रोशित लोगों को समझाबुझाकर खाद का लाइन लगवाकर वितरण कराया। वहीं दुकानदार कमलेश का कहना है कि वह अधिकारियों के आदेशानुसार आधार कार्ड देखकर एक अथवा दो बैग का निर्धारित रेट पर वितरण कर रहा है। अधिक मूल्य लेने का आरोप निराधार है। प्रदर्शन करने भाकियू पदाधिकारियों में जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव, जिला सहसंयोजक राम अवतार यादव, तहसील सचिव सत्यदेव यादव,ब्लाक अध्यक्ष मंगल सिंह, रविंद्र यादव, रामस्वरूप, राजेश कुमार, अनुज कुमार, केपी सिंह, सज्जन कुमार, बबलू कुमार, संजय कुमार, देवेंद्र, दीपक यादव, विमल यादव, आदि किसान मौजूद रहे।

# फर्जी अभिलेख के सहारे कार्य कर रहे पंचायत सहायक

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती विकास खण्ड हरिहरपुर रानी के ग्राम पंचायत लक्ष्मन पुर कोठी के निवासी नीतू पत्नी बलिराम ने आरोप लगाया है कि राजित राम पुत्र केशव राम जो ग्राम पंचायत दोदीपुरवा का निवासी है , जिसका मैरिट में भी नाम आगे है राजित राम का ग्राम पंचायत दोदी गाँव के ग्राम पंचायत निवार्चन नियमावली की सूची क्रमांक 639 मकान नम्बर 665वार्ड संख्या 8 तथा पेज संख्या 22 मे दर्ज है , व राजित राम का नाम दोदी गांव में मनरेगा के जॉबकार्ड में दर्ज है जिसको उच्चाधिकारियों से मांग किया है कि लक्ष्मन पुर कोठी के ग्राम पंचायत से इनका नाम खारिज किया जाये । राजित राम द्वारा अवैध तरीके से अभिलेख को लगा कर ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर कोठी में पंचायत सहायक डाटा एंट्री के पद पर जो नियुक्ति कर दी गई । दूसरे नम्बर पर नीतू देवी का नम्बर है , उसकी जाँच को लेकर पीड़ित महिला नीतू ने जिले के उच्चाधिकारियों व मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेज कर कार्यवाही की मांग की है ।

# वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ की बैठक संपन्न

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती लॉरेल्स एकेडमी के परिसर में वित्त विहीन विद्यालय प्रबन्धक संघ की एक अति महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ने किया उक्त बैठक में ब्लाक व जनपद स्तर पर खेल समारोह के आयोजन की रणनीति बनाई गई साथ ही 6 सूत्रीय ज्ञापन तैयार किया गया जो 2 दिसम्बर को जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी व जिलाधिकारी श्रावस्ती तथा मुख्य विकाश अधिकारी एवं मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव बेशिक शिक्षा को देने का निर्णय लिया गया ज्ञापन के प्रमुख विंदु 1 कक्षा 1 से 8 तक हर वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाय 2 स्कूलों को घरेलू दर पर बिजली दी जाय 3 माध्यमिक विद्यालयों को धारा 94 के अंतर्गत मान्यता देने के प्राविधान को



बहाल किया जाय 4 बेशिक के मान्यता मानकों को सरल किया जाय 5 एस डी आई द्वारा प्रतिमाह वित्तविहीन स्कूलों की बैठक कर सरकार के नियम निर्देशों की जानकारी दी जाय 6 जनपद श्रावस्ती में विभगीय संरक्षण से बड़े पैमाने पर संचालित हो रहे अमान्य विद्यालयों को तत्काल बन्द कराया जाय 7 पुरानी मान्यताओं के विद्यालयों से मान्यता प्रमाण पत्र मांगकर उन्हें अपमानित करने की प्रवित्ति पर सभी खंड शिक्षा अधिकारी विराम लगाये उक्त बैठक में जिलाध्यक्ष श्रावस्ती तिरुपति नाथ ओझा जिला संयोजक सूर्यभान शुक्ला जिलाउपाध्यक्ष धरणीधर विश्वकर्मा जिला महासचिव संजय शर्मा जी ब्लाक अध्यक्ष गिलौला प्रभारी इकौना यादवेंद्र नाथ शुक्ला ब्लाक प्रभारी हरिहरपुर रानी वृजेश कुमार ब्लाक प्रभारी सिरसिया राकेश कुमार यादव जी आदि पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए उक्त अवशर पर विजय द्विवेदी करुणेंद्र कांत द्विवेदी रामगोपाल यादव रामगोपाल शुक्ला एन के मौर्य संतोष शुक्ला जी पी एन शुक्ला सहित दर्जनों प्रबन्धक पदाधिकारी उपस्थित रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पूर्व सांसद चौधरी विजेंद्र सिंह अपना जनाधार खो चुके हैं हर बार चुनाव लड़ते हैं हर बार चुनाव हारते हैं -राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने सपा नेता पूर्व सांसद चौधरी विजेंद्र सिंह पर पलटवार किया कहां के जनता विरोधी दलों के नेताओं को हर बार सबक सिखाती है हर बार पराए का मुंह देखना पड़ता है सपा नेता पूर्व सांसद जनता में अपना जनाधार खो चुके हैं वह लौटने वाला नहीं है जनता ने उनको एक बार मौका देकर के सांसद बनाया था उन्होंने 5 वर्ष में कोई कार्य न तो किसानों के लिए किया और जनता के लिए किया जनता सब जानती है उन्होंने जनता के लिए क्या किया था पूर्व सांसद सरकार के खिलाफ हमेशा जहर बोलते हैं अखबारों में झूठी राजनीति चमक आते हैं उस समय अपने कार्यकाल में पूर्व सांसद चौधरी विजेंद्र सिंह ने जनता के लिए क्या किया था किसी एक व्यक्ति का नाम बता दें जिसके लिए उन्होंने कार्य किया था किसी का आवास बनवाया किसी को गैस डी फ्री या किसी को शौचालय दिया क्या रहने के लिए मकान दिया उन्होंने अपने कार्यकाल में किसी को कुछ नहीं दिया जनता ने उनको एक सिरे से नकार दिया भाजपा के शासन में गरीबों को मकान मिले उज्जवला गैस योजना के तहत गरीब लोगों को गैस उपलब्ध हुई शौचालय उपलब्ध हुए रहने के लिए मकान उपलब्ध हुए महीने में दो बार राशन फ्री मिला इसलिए ज्यादा जनता को और क्या चाहिए सांसद सपा नेता चौधरी विजेंद्र सिंह जनता की समस्याओं पर किसानों की समस्याओं पर गरीब लोगों की समस्याओं पर खरे नहीं उतरे हर बार चुनाव लड़ते हैं हर बार चुनाव हारते हैं जनता ने इनको पूरी तरह से खारिज कर दिया

# नानऊ में फांसी लगाकर महिला ने दे दी जान मायके वालों ने लगाया मारने का आरोप

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-अकराबाद- सोमवार की सुबह गांव नानऊ में एक विवाहिता महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। गावं नानऊ निवासी लालसिंह पुत्र राम प्रसाद कुशवाहा ने पुलिस को सूचना दी। कि सोमवार की सुबह मेरे लड़के प्रेमसिंह की पत्नी बेबी 30 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। वहीं गांव नानऊ पहुंचे विवाहिता के मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुये हंगामा कर दिया। विवाहिता महिला ने अपने पीछे चार बच्चों बेटी अनकम, प्रतिज्ञा व बेटा गोलू व सोनू को रोते विलखते छोड़ा है। सूचना पर पिलखना पुलिस चौकी प्रभारी मौहम्मद नदीम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने बेबी की मौत का सही कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा।

# गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा सकता है डेंगू, मच्छरों से करें बचाव, बुखार होने पर डॉक्टर से ले सलाह

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- डेंगू एक वायरल बुखार है, जो संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू के कारण व्यक्ति का प्लेटलेट काउंट बहुत कम हो जाता है और कभी-कभी रक्तस्राव का कारण बनता है। डेंगू का सही समय पर इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा भी हो सकता है। हालांकि ज्यादातर मरीज इलाज के बाद ठीक हो जाते हैं। डेंगू की चपेट में कोई भी आ सकता है। सभी को सावधान रहने की जरूरत है। गर्भवती को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। गर्भावस्था के दौरान शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण डेंगू होने खतरा बढ़ जाता है। चिकित्सकों का कहना है कि डेंगू प्रेगनेंट महिलाओं के गर्भ को भी नुकसान पहुंचा सकता है। सीएमओ डॉ. एसपी तिवारी ने बताया कि डेंगू एवं मलेरिया होना जच्चा और बच्चा दोनों के लिए खतरनाक है। गर्भावस्था में तेज बुखार गर्भ को प्रभावित कर सकता है। गर्भावस्था की प्रारंभिक अवस्था में हाई फीवर होने से मिसकैरेज (गर्भपात) होने की आशंका बढ़ जाती है। घर में किसी को बुखार है तो डॉक्टर के पास जब तक न जा सकें तब तक पैरासीटामोल दें। प्लेटलेट अगर कम भी हो रही होगी तो इससे खून की धमनियों की भीतरी सक्रियता बनी रहेगी। इलेक्ट्राल, पानी व दाल का पानी आदि लेते रहें। शरीर में पानी की मात्रा कम हुई तो यह हानिकारक हो सकता है। आमतौर पर डेंगू में तेज बुखार होता है। डेंगू पीड़ित लोगों में बुखार के साथ इनमें से कम से कम दो लक्षण सिर दर्द, मांसपेशियों, हड्डियों और दर्द, जी मिचलाना, उल्टी लगना, आंखों के पीछे दर्द, ग्रंथियों में सूजन अवश्य होते हैं।

# दुष्कर्म के दो मामलों में कोर्ट ने सुनाई सजा, एक को बीस और दूसरे आरोपी को 10 साल का कठोर कारावास

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-बिलारी क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने 2 दिसंबर 2015 को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें उसने बताया था कि उसकी दस वर्षीय बेटी को गांव के ही विपिन जाटव ने साइकिल पर बैठा कर दूर गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मुरादाबाद के बिलारी के सात साल पुराने बच्ची से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने सोमवार को फैसला सुनाया। अदालत ने दोषी को बीस साल के कठोर कारावास की सजा और 85 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। बिलारी क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने 2 दिसंबर 2015 को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें उसने बताया था कि उसकी दस वर्षीय बेटी घर की महिलाओं के साथ खेत पर घास काटने के लिए गई थी। शाम को महिलाएं तो वापस आ गईं लेकिन उसकी बेटी पीछे रह गई थी। जिसे गांव के ही विपिन जाटव ने उसकी बेटी को साइकिल पर बैठा कर दूर गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी उसे गांव के पास छोड़कर चला गया था। विपिन ने लड़की को पचास रुपए देकर घर में न बताने की बात कही थी। लड़की ने अपनी भाभी को आपबीती सुनाई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया था। इसके बाद आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया गया। इस मुकदमे की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट संख्या प्रथम डॉ. केशव गोयल की अदालत में की गई। विशेष लोक अभियोजक मनोज कुमार वर्मा एवं अभिषेक भटनागर ने बताया कि अदालत में वादी पक्ष की ओर से आरोपी के पक्ष में गवाही दी गई लेकिन अदालत ने मुख्य परीक्षा और अपराध की गंभीरता को देखते हुए विपिन को दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए उसे बीस साल के कठोर कारावास की सजा के साथ उस पर 85 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

## किशोरी से दुष्कर्म में दस साल की कैद

मुरादाबाद के कांठ थानाक्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म करने वाले दोषी को अदालत ने दस साल की कैद और पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। काठ थानाक्षेत्र के गांव निवासी पीड़िता की मां ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया था। एसएसपी के आदेश पर कांठ थाने में 24 मई 2018 को मुकदमा दर्ज कराया था ।जिसमें महिला ने बताया था कि 5 मई 2018 को उसकी देवरानी का ममेरा भाई अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए उनके घर आया था। घर की छत पर उसकी 14 वर्षीय बेटी सो रही थी। रात करीब 12 बजे आरोपी नदीम निवासी अहिपुरा जिला बिजनौर छत पर गया और उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। लड़की के शोर मचाने पर परिवार के लोग छत पर पहुंच गए थे। इसी दौरान आरोपी नदीम भाग गया। इस मामले में कांठ थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया था लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। तब महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसके बाद कांठ थाने में केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। इस मुकदमे की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट संख्या तीन चंद्र विजय श्रीनेत की अदालत में की गई। विशेष लोक अभियोजक मनोज गुप्ता एवं भूकन सिंह ने बताया कि आरोपी ने अपने बचाव में कहा कि उसे झूठा फंसाया गया है उसने किसी भी घटना को अंजाम नहीं दिया। जिसका विरोध विशेष लोक अभियोजकों द्वारा किया गया।अदालत ने नदीम को दुष्कर्म की घटना का दोषी करार देते हुए उसे दस साल के कठोर कारावास की सजा के साथ उस पर पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# भाजपा को हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत फैलाने का नारा ले डूबेगा- डॉ. बर्क

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-संभल लोकसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने कहा कि भाजपा को हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत फैलाने का नारा ले डूबेगा। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ विपक्ष मजबूती से लड़कर कड़ी शिकस्त देगा। देश में भाजपा ने मुसलमानों के साथ लगातार नाइंसाफी की है जिसका परिणाम भुगतना पड़ेगा।संभल के सपा सांसद रविवार दोपहर बाद बिलारी नगर में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे।

यहां उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि रसूले अकरम की शान में गुस्ताखी करने वालों को अभी तक कड़ी सजा नहीं दी गई और इस मामले में देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कोई बयान भी नहीं दिया। सपा सांसद ने कहा कि भाजपा मुसलमानों पर लगातार जुल्म कर रही है और डरा धमकाकर अपने साथ करने की कोशिश कर रही है लेकिन समय आने पर समझदार मुसलमान भाजपा का सहयोग नहीं करेगा। सपा सांसद डॉ. बर्क ने आगे कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई, नफरत और भुखमरी लगातार बढ़ रही है लेकिन भाजपा सरकार को देश के आर्थिक हालात ठीक करने की चिंता नही है। कहा कि वह नरेंद्र मोदी से नहीं डरते, अल्लाह से डरते हैं। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में हो रहे उपचुनाव में सपा को कामयाबी मिलेगी। संभल लोकसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की प्राथमिकता पूछने पर उन्होंने कहा कि वह अपनी संभल लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से सभी जाति वर्गों और सभी क्षेत्रों का विकास कराने में लगे हैं।

# प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के साथ ही लापरवाह ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने दिए निर्देश

रिपोर्टर - ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही-कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के साथ ही लापरवाह ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पूर्ण हो चुके नल जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर समिति बनाने और पलंबर, इलेक्ट्रीशियन को आवश्यक प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होने वाटर रिचार्ज एवं भूजल संवंर्धन पर जोर देते हुए हैंडपंपों के आस-पास वाटर रिचार्ज सिस्टम अनिवार्य रूप से बनवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता में लेकर प्रशासकीय स्वीकृत हो चुके कार्यों का निविदा एवं एजेंसी तय कर तत्काल कार्यादेश जारी करने को कहा। उन्होंने जनपदवार स्वीकृत कार्य, पूर्ण कार्यो एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की तथा पूर्ण हो चुके कार्यों का सत्यापन थर्ड पार्टी से कराने कहा। बैठक में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री आर के उरांव, अनुविभागीय अधिकारी श्री बघेल एवं उप अभियंता श्री पवार सहित जिला समन्वयक उपस्थित थे।

# सुगम यातायात व दुर्घटना से बचाव के उपायों को अमल में लाने के लिए प्रवक्ता कांग्रेस और जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस ने जीपीएम पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन

रिपोर्टर - ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




जीपीएम- सुगम यातायात व दुर्घटना से बचाव के उपायों को अमल में लाने के लिए प्रवक्ता कांग्रेस वीरेंद्र सिंह बघेल और जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस नारायण शर्मा जीपीएम पुलिस अधीक्षक उदय किरण को दिया ज्ञापन और जिले की कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी जी को जानकारी उपलब्ध करायी गयी है ,जिसे उन्होंने अमल मे लाने की पहल जारी कर दी है प्रवक्ता कांग्रेस वीरेंद्र बघेल ने कहा की हमारा जिला जीपीएम मे विगत कुछ दिनों से सड़क दुर्घटना बढ़ी है ,इनको रोकने के लिए सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा यातायात जागरूकता को बढ़ावा देने के सड़क दुर्घटनाजनित स्थानों पर व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने के साथ ही संबंधित एजेंसी से समन्वय स्थापित कर दुर्घटना होने वाले ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित कर प्रभावी सुरक्षात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाये यातायात प्रभारी इस दिशा में सक्रियता दिखाए , हुए सड़क दुर्घटना रोकने के जरूरी कार्य सुनिश्चित किया जाये ,ब्लैक स्पॉट का भ्रमण कर उन्हें चिन्हांकित करते हुए सुगम यातायात व दुर्घटना से बचाव के उपायों को अमल में लाने अग्रिम कार्यवाही की जाये तेज रफ़ार बड़े वाहनों की गति को कम किया ताकि , ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके पुलिस अधीक्षक जीपीएम उदय किरण ने ज्ञापन लेने के बाद मीडिया को कहा की निश्चित रूप से इसमें अमल किया जायेगा , पुलिस सड़क दुर्घटनाओं को लेकर गंभीर है शासन की मंशा के अनुरूप जीपीएम पुलिस भी सड़क दुर्घटनाओं को लेकर गंभीर है। सुरक्षा पर काम कर रही है। ताकि सड़क पर दुर्घटनाएं कम हो सके और लोगों की जान बच सके

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

# संपादकीय Editorial

## New debate on Election Commission

Even though we have full faith in the autonomy, impartiality, neutrality and fearlessness of the Election Commission, there are some doubts and suggestions of the constitution bench of five judges of the Supreme Court. The constitution bench wants that the Chief Justice of the country should also be included in the appointment committee of election commissioners. This will ensure 'neutrality' in the process of appointment and selection. Such a person can be made to sit on a constitutional post, who does not allow himself to be forced or intimidated in front of the government. Could remain unaffected by all political pressures. The Attorney General and the Solicitor General of the country have considered this as interference of the judiciary in the executive. They also consider it a 'threat to democracy'. Top law officers believe that this may lead to rewriting of the constitution. The constitution has fixed the classification of different pillars of democracy and their powers, then where is the scope for interference? Actually the reference was that the cabinet has appointed Arun Goyal, a former Punjab cadre IAS officer, as the Election Commissioner. The Constitution Bench has asked for the file of the case on which the Attorney General has lodged an objection only to see the appointment process. The Constitution Bench finds some inconsistencies in the voluntary retirement of the officer and his appointment as Election Commissioner. The suggestion of making the Chief Justice a party to the appointment is incidental. Justice KM Joseph replied that the Chief Justice is also a party in the appointment of the CBI Director and the Central Vigilance Commissioners. So is democracy in danger? In fact, it has become a constitutional challenge between the Constitution Bench and the executive, which must be addressed at any cost. The concern and question of the Constitution Bench is that the tenure of the Chief Election Commissioner and the remaining two commissioners is fixed at 6 years. Why are they not being fulfilled? Chief Election Commissioner and Commissioner are retiring before the fixed term or they are being forced to resign? The Constitution Bench is worried that if the government appoints its 'yes man' as the commissioner, then the thinking of such a person will also be the same as that of the government. Everything looks fine, but whether he has freedom to act or not is a serious question. After all, it is a question of the Election Commission of the country, which should be fully autonomous and independent. The constitution bench is headed by Justice KM Joseph, who is in favor of significant reforms in the role and autonomy of the Election Commission through this case. He also has a petition challenging the appointment of the new Election Commissioner. The Election Commission of India is a constitutional institution, which has been conducting election after election in independent India. It has kept the franchise of the citizens alive and relevant. regarding the code of conduct have also been 'political' and 'discriminatory'. In fact, for decades there has been a demand that the appointment in the Election Commission should be 'bipartisan'. There has to be a side other than the government, so the presence of the Chief Justice of the country has been suggested. The Constitution Bench has intervened, so the reforms should be comprehensive and long term. There should be no scope for ad hocism. The personality of the Election Commission should be the same as it was during the tenure of TN Seshan.

# Director Carlos Eshelman Kaiser, said - violence against women will be seen in the film 'Red Shoes'

Kaiser explained that the idea for the film was born out of his relationship with his own father. Which tries to open the conversation of positive masculine energy of men.Director Carlos Eshelman Kaiser on the Mexican film 'Red Shoes' competing in the international competition category for the prestigious Golden Peacock Award at the 53rd International Film Festival of India (IFFI) Interacted during the event on Saturday. During this, while talking about his film 'Red Shoes', Kaiser said that his film tries to discuss the energy of men (masculine energy) and how to use it in a positive way, but the central theme of the film is the empowerment of women. violence against. Kaiser explained that the idea for the film was born out of his relationship with his own father. Which tries to open up the conversation of positive masculine energy of men and it will be shown in a very positive way in the film but the focal point in the film is violence against women.



The title was inspired by activists who used to occupy public spaces wearing red shoes to highlight the prevalent gender-based violence against women in Mexico." Continuing, Caesar says, "This film is very special to me. It has touched me deep inside. The personal journey of the actors is more important to me than clapping at events'. So while producer Alejandro de Icaza while talking about the film said that 'there is a wonderful story to tell in the film. It is a story. It is a different matter that its shooting was very complicated and long, because we shot during the Kovid epidemic". He said that the experience of working with Carlos was wonderful. The film revolves around the life of a farmer- Revolves around a man leading a life of isolation and loneliness and the events that take place after he receives the news of his daughter's death. The film progresses as the farmer tries to bring his daughter's body home. tries to navigate through an unfamiliar and alien world.

## Life of this actress was difficult after divorce, she said this while expressing her pain on being a single mother

Eva was married to Haider Ali Khan, step brother of Aamir Khan. This marriage could last only for 10 years. Eva tells about this that she lived in an abusive marriage for years, although she also tried hard to save her marriage, but in the year 2009, there was a divorce between the two. Eva Grover is a well-known name in the TV industry. He had kept distance from the small screen for some time, but he has once again made a comeback in the acting world with a bang. These days Eva is seen showing her acting prowess in Dangal TV's new show 'Janam Janam Ka Saath'. Recently, Eva has spoken openly on many issues during an interview. The actress has shared many things related to her life in her recent interview. Sharing his pain, he said, 'There are ups and downs in everyone's life. A lot has happened in my personal life in the last few years. I used to pray to God all the time to show me a way. I was divorced many years ago. Being a single mother caused many problems in my life. The actress further added that she has some health issues as well due to which she was not ready to work earlier. The actress further said that things got better after the Corona pandemic. During this, she realized that she could be happy only by working. According to the actress, now she has gained confidence and she is all set for a new beginning once again. Please tell that Eva was married to Aamir Khan's step brother Haider Ali Khan. This marriage could last only for 10 years. Eva tells about this that she lived in an abusive marriage for years, although she also tried hard to save her marriage, but in the year 2009, there was a divorce between the two.



# पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की सीमा से लगे अर्न्तर्राज्जीय चेकपोस्ट नवाटोला का किया औचक निरीक्षण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर रविवार, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के द्वारा मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के सीमा पर स्थित नवाटोला चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। चेकपोस्ट पर लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरा का जायजा लिया, तैनात अधिकारी व जवानों को सजगता के साथ अवैध गांजा व शराब सहित अवैध गतिविधियों-कार्यों के विरूद्ध सख्ती से कार्य करने एवं आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के निर्देश दिए। थाना चांदनी, ओड़गी व चौकी मोहरसोप का औचक निरीक्षण किया। महिलाओं, बच्चों, वृद्धजन एवं समाज के कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनकी शिकायतों पर तत्काल विधि संगत कार्रवाई करते हुए उन्हें राहत दिए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान चौकी में शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीण के शिकायत को बड़े आत्मीयता से सुना और चौकी प्रभारी को शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान जवानों के समस्याओं को जाना और निराकरण का आश्वासन दिया। चेकपोस्ट पर हर आने-जाने वाले पर पैनी निगाह रखने की हिदायत दी।* जिले के दुरस्थ स्थित थाना-चौकी के कार्यो को जानने, पुलिस की सक्रियता को परखने, अंतर्राज्जीय सीमा पर बने चेक पोस्ट पर जवानों की सक्रियता का जायजा लेने पुलिस अधीक्षक रविवार को सर्वप्रथम थाना चांदनी अन्तर्गत मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के सीमा पर स्थित नवाटोला चेकपोस्ट का जायजा लिया।

चेकपोस्ट पर कड़ी चौकसी के लिए लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरा का अवलोकन कर फुटेज रिकार्डिंग क्षमता को जाना और बेहतर रख-



रखाव के निर्देश दिए। तैनात अधिकारी व जवानों को कहा कि आपकी निगाह से अवैध शराब व गांजा की तस्करी करने वाले बचने नहीं चाहिए, अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगाह रखे, संदिग्ध वाहनों की कड़ी जांच की जाए एवं किसी भी परिस्थिति में धान का अवैध परिवहन न होने पाए। इस दौरान एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी भी मौजूद रहे। थाना का किया निरीक्षण, ग्रामीणों की ली बैठक।* पुलिस अधीक्षक ने थाना चांदनी का औचक निरीक्षण किया इस दौरान थाना के रिकार्ड को देखा। थाना प्रभारी को लंबित मामलों






का विधिसम्मत समय पर निराकरण करने, सामुदायिक पुलिसिंग के आयोजन प्रत्येक ग्रामों में किए जाने एवं बीट क्षेत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए। आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारी व जवानों को सजगता के साथ पेट्रोलिंग व रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए। रोजनामचा और रिकार्ड संधारण की स्थिति बेहतर देख संतोष व्यक्त किया। क्षेत्र में पुलिस के कार्यो को जानने के लिए थाना परिसर में ग्रामीणों की बैठक लेते हुए उनसे संवाद कर पुलिस के कार्यो को जाना और पुलिस के कार्यो में सहयोग करते हुए अवैध गतिविधियों की जानकारी देने की अपील किया। औचक निरीक्षण के दौरान चौकी पहुंचे ग्रामीण की सुनी समस्या।* औचक निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू चौकी मोहरसोप पहुंचे और चौकी के कार्यो का जायजा लिया। इसी दौरान एक ग्रामीण शिकायत लेकर चौकी पहुंचा, पुलिस अधीक्षक ने बड़े आत्मीयता के साथ ग्रामीण की शिकायत को सुना और चौकी प्रभारी को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना ओड़गी का भी आकस्मिक निरीक्षण किया।

# एनएसयूआई ओड़गी का ब्लॉक स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर - एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष चंद्रकांत चौधरी एवं अनिमेष नाथ तिवारी के उपस्थिति में सदस्यता अभियान का पोस्टर विमोचन किया गया ओड़गी - छत्तीसगढ़ प्रदेश में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय के निर्देश पर एनएसयूआई का सदस्यता अभियान के सिलसिले में ओड़गी मुख्यालय के विधायक कार्यालय में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष चंद्रकांत चौधरी एवं अनिमेष नाथ तिवारी के उपस्थिति में सदस्यता अभियान का पोस्टर विमोचन किया गया इस मौके पर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष चंद्रकांत चौधरी के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि पूरे प्रदेश में एनएसयूआई का सदस्यता अभियान प्रारंभ है इसी उद्देश्य से ओड़गी मुख्यालय में भी सदस्यता अभियान का रूपरेखा तैयार करने के लिए मीटिंग की गई है हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक मुख्यालय में एनएसयूआई मजबूत हो तो वही अनिमेष तिवारी के द्वारा एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यालय में प्रथम मीटिंग हुई है इससे यह अनुमान लगाया जाता है कि मुख्यालय में एनएसयूआई बहुत मजबूत है और हम सभी को एक होकर संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए आगे बढ़ाना है एनएसयूआई के नेता विभव सिंह गुर्जर के नेतृत्व में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के द्वारा जिले के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया श्री गुर्जर के द्वारा मंच संचालन करते हुए बताया कि हम सभी को यह बहुत खुशी की बात है की जिले के पदाधिकारी मुख्यालय में आकर हम सभी को मार्गदर्शन कर रहे हैं हम सभी को कालेज एवं स्कूलों के बच्चों को एनएसयूआई के विचारधारा से जोड़कर एनएसयूआई को मजबूत करना है इस मौके पर प्रदेश पीसीसी सदस्य अवधेश गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौतम कुशवाहा, लोकेश गुर्जर, चंद्रभान राजवाड़े, अंशु पाण्डेय ,सत्यम साहू, घनश्याम सोनवानी, अंजलि कुर्रे, के द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया इस मौके पर, मनोज सिंह , कमलेश यादव, सविता पंडों, यश यादव, दिपेस्वर ठाकुर, प्रदीप सिंह, मनोज सिंह , शाहिद अंसारी, साक्षी, प्रियंका, ममता, एकता, आँचल, राम सिंह, रितेश राजवाड़े, कपिल यादव, प्रतिमा सिंह, हिमानी देवांगन, प्रीति सिंह, रीता देवांगन, अजय कुमार, ओमकार, निमित एक्का, बिकास बघेल, अजय कुमार सोनहा, सत्यप्रकाश गुर्जर, अनुराग, सियाराम सौंनकर, भुनेश्वर, लीलावती सिंह, लीलावती देवांगन, मंजुला कुशवाहा, बिट्टू सिंह, मन्नु सिंह, लक्की सिंह, कृष्णा सिंह श्यामले, जय गुप्ता, रामनरेश देवांगन, विजेंद्र, समोध श्यामले, देव सिंह श्यामले, लालमोहन, रविशंकर सौंनकर, हीरा सिंह, मनोज कुमार कुर्रे, वीरनारायण सिंह, एवं अन्य एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# महुली उप स्वास्थ्य केंद्र पर लगा रहता है ताला, लोगों को नहीं मिल रहा इलाज

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर -सूरजपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र गांव में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र तो खोले गए हैं। लेकिन इन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लोगों को इलाज के लिए लोगों को निजी चिकित्सालय क्लीनिकों पर या जिला स्तर पर मध्यप्रदेश अस्पताल में जाना पड़ता है। उप स्वास्थ्य केंद्रों पर कहने को तो यहां 24 घंटे एएनएम और इलाज की सुविधा मिलना है, लेकिन ताला नहीं खुलने से ग्रामीणों को ओडगी विकासखंड के उप स्वास्थ्य केंद्रों महुली में इलाज की सुविधा नहीं मिल रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



बिहारपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत महुली,नवाटोला,पासल,खैरा, उमझर उप स्वास्थ्य केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें 5 केंद्रों पर डाक्टर व एनएम तैनात कर दिए गए हैं। वहीं शेष केंद्रों पर नए आरएचवो की नियुक्तियां होना है। वहीं जिन केंद्रों पर डाक्टर व एनएम तैनात हो गए हैं। इन केंद्रों पर देखने में आ रहा है कि इन केंद्रों में अक्सर ताला लगा दिखाई देता है, या फिर स्टाफ जल्द उप स्वास्थ्य केंद्र को बंद कर निकल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कर्मचारियों द्वारा अपडाउन करने से भी समस्या गहरा रही है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को इलाज कराने के लिए या फिर जिला मुख्यालय या मध्यप्रदेश की शहरों में जाकर इलाज कराना पड़ रहा है।

**ग्रामीणों ने कहा- लापरवाही बरत रहे केंद्र पर पदस्थ कर्मचारी**

ग्रामीणों का कहना है कि उपस्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ एएनएम कार्यकर्ताओं व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लोगों को समय पर इलाज नहीं मिलता है। वहीं गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण कराने में समस्या आती है। तो वहीं छोटी-मोटी बीमारियों को ग्रामीणों को दवा तक उपलब्ध नहीं हो पाती है। ऐसे ही हालात महुली,खैरा, उमझर, पासल,नावाटोला उपस्वास्थ्य केंद्र बना हुआ है। इन गांवों के उप स्वास्थ्य केंद्रों पर आए दिन ताला लटका दिखाई देता है। क्षेत्र की करीब 30 हजार आबादी को यहां स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यहां ग्रामीणों ने बताया कि डाक्टर व एनएम अपने अनुसार आते हैं, कभी एक घंटे तो कभी दो घंटे रुकने के बाद चले जाते हैं। कभी-कभी तो स्वास्थ्य केंद्र खुलता ही नहीं है। बाकी दिनों में केंद्र पर ताला दिखाई देता है। अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी सिर्फ टीकाकरण करने के लिए उपस्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचते हैं। जिससे गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण तो हो जाते हैं लेकिन बाकी के दिनों में इलाज नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों ने बताया इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर मध्य प्रदेश के जिला हॉस्पिटल बैढ़न व अन्य क्लिनिक स्थानों पर जाना पड़ता है। जिसमें पैसा और समय दोनों खर्च होते हैं।

# भारतीय मीडिया फाउंडेशन के जांबाज सिपाहियों को उत्कृष्ट सम्मान रत्न से सम्मानित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वाराणसी सारनाथ भारतीय मीडिया फाउंडेशन के अंतर्गत महा सम्मेलन हुआ संपन्न जनपद वाराणसी के चिरईगांव ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा चिरईगांव में भारतीय मीडिया फाउंडेशन की बैठक हुई संपन्न कार्यक्रम में कई प्रदेशों से सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे आसपास के जिलों से तमाम लोग उपस्थित रहे छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश दिल्ली लखनऊ पटना इत्यादि प्रांतों से पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता बंधु भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 18 सूत्री मांग पत्र हर जिलेवार जिलाधिकारी एवं शासन को दिया गया था उसी संदर्भ में मीडिया कल्याण बोर्ड की स्थापना करना एवं पत्रकारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना एवं पत्रकारों पर हो रहे अत्याचार को रोकना इत्यादि विषय पर भी चर्चा हुई राष्ट्रीय हिंदी सप्ताहिक समाचार पत्र निर्मल राष्ट्र क्रांतिकारी निडर निष्पक्ष संवाददाता सम्मान पत्र भी विशेष पत्रकारों को दिया गया। भारतीय मीडिया फाउंडेशन के जांबाज सिपाहियों को उत्कृष्ट सम्मान रत्न से भी सम्मानित किया गया एवं आई कार्ड निर्मल राष्ट्र



का भी वितरण किया गया इस अवसर पर भारतीय मीडिया फाउंडेशन के संस्थापक श्री ए के बिंदुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ अंसारी राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र कुमार सरोज जौनपुर महिला सेल जीलाअध्यक्षा पंकजिनी राम आसरे सरोज डॉ अजीत कुशवाहा डिप्टी चेयरमैन बाबूलाल जयसवाल जी इत्यादि उपस्थित रहे

# मैनपुरी लोकसभा सीट, रामपुर और खतौली विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर सियासी संग्राम जारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा सीट, रामपुर और खतौली विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर सियासी संग्राम जारी है। मैनपुरी लोकसभा सीट पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर मुलायम सिंह यादव की विरासत को बचाने की जिम्मेदारी है तो वहीं रामपुर में सपा के कद्दावर नेता आजम खां की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। मेरे खून के आंसूओं का बदला चुनाव में लेना- आजम- सपा नेता आजम खां ने रामपुर में पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को पूर्व मंत्री आजम खां चुनावी जनसभा में वोट की अपील करते हुए भावुक हो गये। आजम खां ने 27 महीने जेल के दर्द को बयां करते हुए कहा मेरे खून के आंसूओं का बदला चुनाव में लेना। उन्होंने लोगों से पूछा मेरा कसूर क्या है ? सरकार जान की दुश्मन क्यों बनी हैं

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# रोटरी क्लब एटा द्वारा यातायात माह के अन्तर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन कमलेश ऑटो व्हील्स अरुणा-नगर जी.टी. रोड़ एटा पर सम्पन्न



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


एटा-रोटरी क्लब एटा द्वारा यातायात माह के अन्तर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन कमलेश ऑटो व्हील्स अरुणा-नगर जी.टी. रोड़ एटा पर सम्पन्न हुआ जिसमे सभी ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को रेडियम जैकिट व ट्रैफिक सेपटी लाइट दी गई एवम् ट्रैफिक पुलिस को उनके कार्य के लिये मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि C.O. cit4 राजकुमार C.O. यातायात संगम मिश्रा, टी आई बचान सिंह सभी को सम्मानित किया गया,

इस कार्यक्रम के संयोजक साजन देव वार्ष्णेय ( रोटरी क्लब मीडिया प्रभारी ) रहे। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लव अध्यक्ष श्री नीरज गुप्ता सचिव श्री सौरभ कुमार, कोषाध्यक्ष श्री सचिन गुप्ता व वरुण बाष्र्णेय, प्रसून वार्ष्णेय, अनन्त गुप्ता, सनी जैन, अमर कौशिल्यान, मोहित गुप्ता स्वम अलीगढ़ से आये रोटरी वलव के पदाधिकारी श्री नितिन वार्ष्णेय व श्रीमती शिल्पी वार्ष्णेय शामिल हुए।

# फरार बैंकमित्र पर एक और मुकदमा दर्ज

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-ग्राहकों के 30 लाख से अधिक रुपये लेकर फरार हुए बैंकमित्र धीरज तिवारी पर एक और एफआईआर दर्ज हो गई। पीड़िता ने कोर्ट के आदेश से आरोपी के विरुद्ध कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शाखा प्रबंधक पर भी आरोप गंभीर आरोप लगाए हैं। थाना पिलुआ के गांव कुतुबपुर बंथल निवासी अनीता देवी पत्नी कमल सिंह ने कोर्ट के आदेश से कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आनंदपुरी घिलौआ रोड निवासी धीरज तिवारी का जन सेवा केन्द्र अवागढ़ हाउस में था। एसबीआई बैंक से भी जुड़ा हुआ था। पीड़िता ने केन्द्र के जरिए बैंक में खाता खुलवाया था। वह दूध का कारोबार करती है। पीड़िता के अनुसार खाते में करीब आठ लाख रुपये जमा होने चाहिए। खाता चेक किया गया। उसमें 3230 रुपये मिले। आरोप है कि बैंक मित्र धीरज तिवारी ने अरुणानगर बैंक के प्रबंधक के साथ मिलकर रुपये निकाल लिए हैं। पीड़िता ने बताया कि कार्रवाई को लेकर नगर कोतवाली में शिकायत की साथ ही एसएसपी से भी शिकायत की। कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश से पीड़िता ने कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



# भूसा ताले में बंद कर पराली से चला रहे काम

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिले की ज्यादातर गोशालाओं में मौजूद गोवंशों को खाना खिलाने के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। गोशालाओं में हरा चारा देखने को भी नहीं है। जबकि भूसे को तालों में बंद कर रखा गया है। भूसा होने के बाद भी गोवंशों को सूखी पराली चारे में रूप में दी जा रही है। 1800 रुपये कुंतल भूसा होने के कारण पवांस गोशाला में मौजूद 75 गोवंशों को भूसे के स्थान पर सूखी पराली खिलाई जा रही है। गोशाला स्थित गोदाम में रखे भूसे को ताले में बंद कर रख दिया गया है। रविवार को हिन्दुस्तान की टीम ने पवांस स्थित सरकारी गोशाला की पड़ताल की। पड़ताल के दौरान गोशाला केयर टेकर लालमन ने बताया कि गोशाला में भूसा पर्याप्त है। उसे ताले में बंद कर रखा गया है। ग्राम प्रधान के आदेश पर ही गोवंशों को कभी-कभी भूसा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि भूसा महंगा होने के कारण गोवंशों को पराली खिलाई जा रही है। केयर टेकर ने यह भी बताया कि गोशाला में पिछले बीस दिनों से हरा चारा नहीं है। गोवंशों को हरा चारा खिलाने के लिए उन्हें जंगल लेकर जाना पड़ता है।

# यात्री ध्यान दे इटावा स्टेशन पर सपा के पक्ष में एनाउंसमेंट, जांच

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-इटावा/ यात्रीगण कृपया ध्यान देंज्मैनपुरी से डिंपल भाभी को जिताएं ! इटावा स्टेशन पर अचानक एनाउंसमेंट स्पीकर से मैनपुरी संसदीय सीट से सपा उम्मीदवार डिंपल यादव के प्रचार वाला उद्घोष सुनाई दिया तो यात्री हैरान रह गए। एनाउंसमेंट की रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो हड़कंप मच गया। डीएम ने डीआरएम प्रयागराज को जांच के लिए पत्र लिखा है। वहीं, रेलवे ने घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। शनिवार रात करीब 1050 बजे रेलवे स्टेशन पर उस समय लोग चौंक गए जब इंक्वायरी से डिंपल यादव जिंदाबाद के नारे लगने लगे। कई यात्रियों ने विरोध भी जताया और जीआरपी थाने में शिकायत की, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसी बीच स्टेशन पर मौजूद एक साधु वेशधारी बुजुर्ग एनाउंसमेंट की रिकॉर्डिंग लेकर विरोध जताने पहुंच गए। मामला सोशल मीडिया में वायरल हुआ तो जिला प्रशासन हरकत में आया। इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए एडीएम जय प्रकाश ने स्टेशन अधीक्षक पीएम मीना को पत्र लिखकर जांच के निर्देश दिए। जीआरपी ने रात में इंक्वायरी काउंटर पर ड्यूटी कर रहे कर्मचारी मंशा मुंडा से पूछताछ की। मुंडा ने बताया कि रात में 5-6 लोग जबरन घुस आए और माइक से एनसीआरएमयू जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। इसके बाद उन्हीं लोगों ने डिंपल यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। उनके जाने के बाद इसकी सूचना टूंडला कंट्रोल को दी गई।